बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग, पटना।

पत्रांक : मो०–3–कार्य–पी०–06 / 25– 2673
प्रेषक,

ई० निखिल कुमार,
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन।

सेवा में,

श्री अजय यादव,
सचिव,
ऊर्जा विभाग, पटना।

पटना, दिनांक : 12/11/2026

विषय : Seeking concent/comments of Water Resources Department regarding utilization and augmentation of Phulwaria/Hardia Dam Reservoir for proposed Off Stream Closed Loop Pumped Storage Project by M/s Torrent Energey Storage Solutions Pvt. Ltd. के संबंध में।

प्रसंग : आपका पत्रांक 5124 दिनांक 09.10.2026

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में निदेशानुसार प्रस्तावित पम्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट हेतु फुलवरिया जलाशय को निचली जलाशय के रूप में इस्तेमाल करने के लिए निम्नांकित तकनीकी शर्तों के साथ सैद्धांतिक सहमति (In-principle approval) प्रदान किया जाता है :–

1) प्रस्तावित बाँध उँचाई को अंतिम रूप देने से पूर्व फुलवरिया जलाशय की जाँच बाँध सुरक्षा संगठन के विशेषज्ञ से कराते हुए जलाशय की वर्त्तमान स्थिति, रिसाव, Deformation आदि पर परामर्श प्राप्त कर निर्णय लिया जा सकता है।
2) फुलवरिया जलाशय का आवश्यक भू–तकनीकी एवं भू–वैज्ञानिक जाँच, बाँध की स्थिरता का विश्लेषण किया जाय।
3) वर्तमान सीपेज का अध्ययन एवं बाँध की ऊँचाई में वृद्धि के पश्चात सीपेज में होने वाले परिवर्तन का विश्लेषण, बाँध की ऊँचाई बढ़ाने संबंधी निर्माण कार्य की Methodology का निर्धारण।
4) PSP संचालन के समय जलाशय में अचानक वृद्धि एवं कमी से बांध में होने वाले परिवर्तन का विस्तृत अध्ययन।
5) अद्यतन जल ग्रहण क्षेत्र, रूपांकित बाढ़ तथा स्पिलवे क्षमता का पुनर्मूल्यांकन तथा पुनर्निर्माण तथा वर्तमान Spillway Crest को बढ़ाने की स्थिति से पड़ने वाले Overall Stability प्रभाव का आकलन / अद्यतन।
6) प्रस्तावित FRL/MWL के आधार पर संशोधित Area & Capacity Curve तथा अतिरिक्त डूब क्षेत्र का सर्वेक्षण।
7) वर्त्तमान में धनार्जय नदी में उपलब्ध जल एवं इसकी आवश्यकता आधारित जल उपयोग की उपलब्धता एवं प्रस्तावित जल अंतरण का मासिक Water Balance Study की गणना के साथ अन्य वैकल्पिक विकल्प का अध्ययन।

8) यह प्राथमिक सहमति मात्र फुलवरिया जलाशय को PSP हेतु निचली जलाशय के रूप में इस्तेमाल करने से सम्बंधित है।

9) उपरोक्त बिंदुओं एवं अध्ययनों सहित परियोजना प्रतिवेदन के साथ आवेदन की विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त होने तथा विभाग द्वारा उसके संतोषजनक पाए जाने के उपरांत ही इस परियोजना पर अंतिम स्वीकृति प्रदान की जा सकेगी।

अनु० :– यथोक्त।

विश्वासभाजन

Nikil Kumar
12/11/2026

(निखिल कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांक : मो०–3–कार्य–पी०–06/25– 2673 पटना, दिनांक : 12/11/2026

प्रतिलिपि : मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, नालंदा, बिहारशरीफ/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, नवादा/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, रजौली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Nikil Kumar
12/11/2026

(निखिल कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांक : मो०–3–कार्य०–पी०–06/25 –2673 पटना, दिनांक 12/11/2026

प्रतिलिपि : कार्यपालक अभियंता, आई०टी०, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Nikil Kumar
12/11/2026

(निखिल कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन